



## एक नजर में

### दस दिवसीय श्री गणेश उत्सव को लेकर श्री नित्य चिंता हरण मंदिर पर बैठक आज



**रतलाम।** 27 अगस्त से प्रारंभ हो रहे दस दिवसीय श्री गणेश उत्सव की भव्य और विराट तैयारियां को लेकर श्री नित्य चिंताहरण गणपति मंदिर ट्रस्ट समिति की बैठक 27 जुलाई को दोपहर 1 बजे होगी। बैठक के साथ मंदिर के दानपात्र को खोलकर दानराशि की गणना की जाएगी। यह जानकारी देते हुए ट्रस्ट अध्यक्ष जनक नागल ने बताया कि श्री नित्य चिंताहरण गणपति जी मंदिर पैलेस रोड रतलाम पर होने वाली ट्रस्ट सदस्यों और भक्तों की बैठक में तैयारी और जिम्मेदारियां को लेकर चर्चा होगी। मंदिर के दानपात्र को खोलकर दानराशि की गणना की जाएगी। श्री चिंताहरण गणपति जी को स्वर्ण बर्क का चौला चढ़वाने, गणेश चतुर्थी एवं अन्य दिनों में प्रसादी वितरण करवाने, आरती का लाभ लेने, मंदिर पर रंग रोगन, फ्लावर डेकोरेशन, लाईट डेकोरेशन, या अन्य किसी भी प्रकार की सेवा का लाभ लेने की अभिलाषा हैं, वे सभी समय निकाल कर बैठक में उपस्थित रहे। मंदिर के पंडित अमित रावल, ट्रस्ट अध्यक्ष नागल, उपाध्यक्ष सचिन सिंह देवड़ा, नरेंद्र कंगारोत्र, मुकेश त्रिवेदी, रत्ना पाल, सारिका दवे, राहुल शर्मा, अशोक मेहता, अमित सिंह देवड़ा, भुवनेश सिंह राठौड़, मुकेश व्यास, शुभ दशोत्तर, प्रथम बैरागी, प्रशांत बंटी व्यास आदि ने मंदिर से जुड़े सभी भक्तों से बैठक में शामिल होने का आह्वान किया है।

### अशोक शर्मा के नेत्रदान से दो जरूरतमंदों को नई रोशनी मिलेगी



**रतलाम।** समाजसेवा की दिशा में एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए कस्तुरबा नगर निवासी स्व. रामचन्द्र शर्मा के सुपुत्र अशोक शर्मा के निधन के उपरांत उनका नेत्रदान (कॉर्निया) किया गया। इस नेक कार्य से दो जरूरतमंद व्यक्तियों को नई दृष्टि मिलेगी। नेत्रम संस्था के हेमन्त मूणत ने बताया कि संस्था के भगवान ढलवानी ने अशोक शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती उर्मिला शर्मा, पुत्र हर्षित शर्मा एवं परिजनों को नेत्रदान के लिए प्रेरित किया। परिजनों की सहमति के बाद 'नेत्रम संस्था' ने बड़नगर स्थित गीता भवन न्यास के ट्रस्टी एवं नेत्रदान प्रभारी डॉ. जी.एल. ददरवाल को सूचना दी। सूचना मिलते ही डॉ. ददरवाल, मनीष तलाच एवं मोहनलाल राठौड ने तत्परता से रतलाम पहुंचकर नेत्रदान की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूर्ण किया। इस अवसर पर ओमप्रकाश अग्रवाल, शलभ अग्रवाल, भगवान ढलवानी, गिरधारीलाल वर्धानी, शुशील मीनु माथुर, शिवम माथुर सहित अनेक स्नेहीजन एवं शुभचिंतक उपस्थित रहे। नेत्रम संस्था ने शर्मा परिवार का आभार व्यक्त करते हुए इस नेत्रदान को समाज के लिए एक प्रेरणास्रोत बताया। संस्था ने नागरिकों से अपील की है कि वे नेत्रदान कर किसी जरूरतमंद के जीवन में रोशनी लाने का संकल्प लें।

### योजनाओं का लाभ लेने ईकेवाईसी करवाएं

**रतलाम।** रतलाम शहर के समस्त नागरिको को सूचित किया जाता है कि मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार दिनांक 15 अगस्त 2025 तक सभी नागरिको की समग्र मलब करवाई जाना अनिवार्य है। अत: समस्त नागरिक अपने परिवार की समग्र आई.डी. को चेक करे अगर समग्र मलब नही हुई है तो नगर निगम कार्यालय नजदीकी सीएससी सेन्टर/अपने मोबाईल के माध्यम से मलब करना सुनिश्चित करें। नागरिक समग्र ईकेवाईसी स्वंय भी कर सकते हैं। दिनांक 15 अगस्त 2025 तक आपके द्वारा समग्र मालब नहीं करवाई जाती है तो आप शासन की योजनाओं से वंचित रह सकते हैं।

### राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न : सीएमएचओ

**रतलाम।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम जिला रतलाम की मासिक समीक्षा बैठक जिला कुष्ठ कार्यालय जिला चिकित्सालय रतलाम में संपन्न की गई। जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ वर्षा कुरील ने कहा कि चमड़ी पर चमड़ी के रंग से हल्का कोई भी दाग या धब्बा, जिसमें सुन्नपन हो, कुष्ठ रोग हो सकता है इसकी समय पर जांच कराई जाना चाहिए, कुष्ठ रोग का पूरा इलाज शासकीय अस्पतालों में निशुल्क उपलब्ध है( यह समय पर उपचार करने से पूरी तरह ठीक हो जाता है। उन्होंने कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सही समय पर कुष्ठ रोग के मरीजों की पहचान करें ताकि विकृति आने से पहले ही उनका उचित उपचार किया जा सके। बैठक में जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ वर्षा कुरील, डी पी एम डॉ प्रमोद प्रजापति, ए पी एम डॉ गौरव बोरीवाल, लोकेश वैष्णव, शरद शुक्ला, दीपक उपाध्याय, आजाद पाटीदार, सी एस झाला, सूरज सिंह डोडियार, महेंद कुमार सेन, फिजियोथैरेपिस्ट प्रियंका हेराल्ड आदि उपस्थित रहे।

### समीक्षा और निगरानी समिति की बैठक संपन्न

**रतलाम।** संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास म.प्र. भोपाल के द्वारा अटल नवीनीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत 2.0) योजना के अंतर्गत स्टेट वाटर एक्शन प्लान ट्रेंच-1, स्पेशल ट्रेंच एवं ट्रेंच-2का अनुमोदन भारत सरकार की एपेक्स कमिटी द्वारा किया गया जिसके अंतर्गत जिले के नगरीय निकाय को शामिल करते हुए अटल मिशन फार रिज्यूविनेशन एण्ड अर्बन ट्रान्सफार्मेशन (अमृत 2.0) योजना के लिए भारत सरकार द्वारा जारी निर्देशानुसर कलेक्टर राजेश बाथम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षा और निगरानी समिति का गठन 25 जुलाई को कलेक्टोरेट सभा कक्ष में किया गया। बैठक में जिले की नगरीय निकाय नगर परिषद सैलाना की अटल मिशन फार रिज्यूविनेशन एण्ड अर्बन ट्रान्सफार्मेशन (अमृत 2.0) योजना अंतर्गत कन्सल्टेट द्वारा तैयार की गई पार्क निर्माण की डीपीआर के संबंध में चर्चा की गई। कन्सल्टेंट एजेन्सी द्वारा पार्क डेवलपमेंट हेतु पाथवे, एन्ट्री गेट, बाउण्ड्रीवाल, स्ट्रीट लाईट, वृक्षारोपण, आदि कार्यो का समावेश करने हुए कुल राशि 16 लाख की कार्य योजना तैयार की गई है। बैठक में नगर परिषद सैलाना अध्यक्ष चेतन्य शुक्ला, परियोजना अधिकारी जि.श.वि.अ. अरूण कुमार पाठक, अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन विभाग सैलाना सत्येन्द्रसिंह यादव, मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर परिषद सैलाना मनोज शर्मा, नगर परिषद सैलाना, अभिषेक श्रीवास्तव, कन्सल्टेंट अरशिया कन्सल्टिंग इंजीनियर्स प्राइ. लिमि उपस्थित रहे।

### महावीर जैन नेशनल स्कूल में कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि




**जावरा।** महावीर जैन नेशनल स्कूल में शनिवार को कारगिल विजय दिवस गर्व और श्रद्धा के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों ने देश के लिए प्राण न्योछावर करने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरुआत देशभक्ति गीतों और राष्ट्रगान के साथ हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने शहीदों की वीरगाथा पर भावनात्मक नृत्य की प्रस्तुतियाँ दीं। जिससे उपस्थित सभी लोगों की आंखें नम हो गई। बच्चों को कारगिल युद्ध की जानकारी देने के लिए एक विशेष वीडियो डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई गई। जिसमें भारतीय सैनिकों के अद्भुत साहस, बलिदान और रणनीति को दर्शाया गया। इससे बच्चों में देशभक्ति की भावना और अधिक प्रबल हुई।

बलिदान से लेनी चाहिए प्रेरणा- स्कूल डायरेक्टर डॉ अश्विन गंगवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कारगिल विजय दिवस हमें यह याद दिलाता है कि देश की रक्षा के लिए हमारे वीर सैनिक हर परिस्थिति में डटे रहते हैं। हमें उनके बलिदान से प्रेरणा लेनी चाहिए और अपने जीवन में अनुशासन, परिश्रम और देशभक्ति को अपनाना चाहिए। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, कर्तव्यबोध और बलिदान की भावना जागृत करना था। जिसे बच्चों ने उत्साह और गंभीरता के साथ आत्मसात किया।

# युवक को खंभे से बांधकर पीटा, मौत ...आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** जिले के नामली थाना क्षेत्र के ग्राम मेवासा में एक नाबालिग की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक के शरीर पर चोंट के निशान और सिर के बाल काट कर गंजा किया हुआ था। पुलिस ने लाश को पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया। वहीं पुलिस ने मामले में कुछ लोगों को हिरासत में लिया हैं।

**पुलिस ने कुछ लोगों को लिया हिरासत में, जांच जारी**

जानकारी के अनुसार ग्राम मेवासा में युवक का शव मिला। पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान कांडरवासा निवासी 17 वर्षीय युवक के रूप में की गई हैं। मृतक के शरीर पर चोंट के निशान थे और सिर के बाल काट कर गंजा किया गया था। सूचना पर एसडीओपी ग्रामीण किशोर पाटनवाला पहुंचे थे। एसपी अमित कुमार के निर्देश पर एएसपी राकेश खाखा, ग्रामीण एसडीओपी किशोर पाटनवाला सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और अपनी जांच प्रारंभ की हैं। नाबालिग का शव रतलाम मेडिकल कॉलेज भेजा गया। शनिवार को उसका पोस्टमाटम किया गया। युवक के परिवारवालों ने हत्या को लेकर गहरा आक्रोश व्यक्त किया है और न्याय की मांग की हैं। शव मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर बल तैनात कर दिया था।



#### लड़की से मिलने गया था

पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मृतक नाबालिग गांव की एक नाबालिग लड़की से मिलने गया था। आरोप है कि आधी रात को लड़की के परिजन ने उसे पकड़ लिया। पहले बालक को एक खंभे से बांधा और उसका सिर मुंडवा दिया। इसके बाद उसे पीटा गया। जिससे उसकी मौत हो गई।

#### ग्रामीणों का शव रखकर फोरलेन पर प्रदर्शन



युवक की मौत की जानकारी मिलने पर ग्राम के ग्रामीण आक्रोशित हो गए। शनिवार दोपहर को बारिश के बीच ग्रामीणों ने शव रखकर फोरलेन पर जाम लगा दिया। आरोपियों का जुलूस निकालने की मांग की। साथ ही मृतक के परिवार को एक करोड़ रूपए आर्थिक सहायता दिये जाने की मांग की। पुलिस अधिकारियों की समझाईश के बाद ग्रामीण माने और चक्काजाम समाप्त किया।

#### युवक को राउंडअप किया, जांच जारी

एसपी अमित कुमार ने बताया कि घटनाक्रम के हर पहलु की जांच की जा रही हैं। एक युवक को राउंडअप किया गया हैं। मृतक के पिता की रिपोर्ट के आधार पर हत्या का केस दर्ज किया गया हैं। जल्द ही अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## झमाझम के बाद दिनभर रिमझिम से हनुमान ताल लबालब

**रतलाम।** शहर में शनिवार को फिर से बारिश की जोरदार दस्तक हुई। लम्बी खेंच के बाद शनिवार सुबह से शुरू हुई बारिश का दौरान दिनभर चला। सुबह और शाम को तेज बारिश हुई वहीं दिनभर रिमझिम का दौर चला। लगातार बारिश से जहां न्यू रोड की सड़क तालाब बन गई वहीं निचली बस्तियों में भी पानी भरने की सूचना हैं।

**बारिश से न्यू रोड की सड़क बनी तालाब, घरों में घुस पानी**

शनिवार को सुबह से ही शहर पर बादल मेहरबान हो गए और जमकर बरसे। सुबह और शाम को हुई तेज बारिश ने पूरा शहर को तरबतर कर दिया। इस दौरान कभी तेज तो कभी धीमी बारिश होती रही। इस बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दिला दी। मौसम में ठंडक घुल गई। कुछ देर तेज बारिश के बाद देर रात तक रिमझिम बारिश जारी रहीं। शुक्रवार तक गर्मी और उमस ने लोगों को परेशान किया हुआ था। शाम होते-होते आसमान में काले बादल छा गए। शनिवार सुबह 6 बजे तेज बारिश से शुरूआत। करीब कुछ घंटों की बारिश के बाद दिनभर रिमझिम बारिश का दौर चला। शाम को फिर से तेज बारिश हुई। जिले में इस दौरान कुछ क्षेत्रों में तेज तो कहीं रिमझिम बारिश हुई।



#### घरों में घुसा पानी

सुबह और शाम को तेज बारिश का दौर चला। कुछ घंटों की बारिश से जहां पूरा शहर लगभग तालाब बन गया। वहीं कई कॉलोनी के घरों में पानी भरा गया। तेज जवाहर नगर, अलकापुरी सहित कई क्षेत्र के घरों का पानी भरा गया हैं। वहीं निचली बस्तियों के घरों में भी पानी भराया।



## कारगिल विजय दिवस पर शहीद चौक में गूंजे देशभक्ति के नारे

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** भारतीय जनता पार्टी ने कारगिल युद्ध मे विजय का दिन कारगिल विजय दिवस के रूप मे मनाया। शनिवार को शहीद चौक मे भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय के नेतृत्व मे शहीदों का स्मरण करने हुए पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत नारे लगाकर राष्ट्रभक्ति का परिचय भी दिया। जिला मीडिया प्रभारी अरूण त्रिपाठी ने बताया कि इस अवसर पर महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा, पूर्व विधायक दिलीप मकवाना, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह लुनेरा, बजरंग पुरोहित, पूर्व जिला महामंत्री मनोहर पोरवाल, निर्मल कटारिया, जिला उपाध्यक्ष सुनील सारस्वत, कोषाध्यक्ष जयवंत कोठारी, कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा, सह कार्यालय मंत्री राकेश नागर, मंडल अध्यक्ष सोना शर्मा, मयूर पुरोहित, नंदकिशोर पंवार, भाजयुमो जिलाध्यक्ष विप्लव जैन, सहित भाजपा के प्रदेश, जिला, मंडल, मोर्चा एवं प्रकोष्ठ पदाधिकारी, एमआईसी सदस्य, पार्षदगण, अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गण उपस्थित रहें।

**भाजपा ने किया शहीदों का स्मरण**

## प्लेसमेंट ड्राइव : 30 छात्राओं ने दिए साक्षात्कार, तीन का चयन

**रतलाम।** शासकीय कन्या महाविद्यालय रतलाम में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तहत शनिवार को भारती एक्सा लाइव इंश्योरेंस द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन हुआ।

इसमें सत्र 24-25 में उत्तीर्ण स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्राओं हेतु एजेंसी बिजनेस मैनेजर (ऑन रोल एवं पार्ट टाइम एडवाइजर) पद हेतु लगभग 30 छात्राओं ने साक्षात्कार दिए एवं कुरितिका पांचाल, कु प्रांजल परिहार एवं खुशबू नायर इन छात्राओं का चयन किया गया। चयनित छात्राओं को महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.मंगलेश्वरी जोशी, कैरियर प्रकोष्ठ प्रभारी एवं टी पी ओ डॉ. माणिक डांगे, डॉ. स्नेहा पंडित, प्रकोष्ठ सदस्य डॉ. मधु गुप्ता, डॉ. सुरेश चौहान, डॉ. बी .एस. बामनिया, प्रोफेसर सौरभ गुर्जर, प्रोफेसर अनुष्का सिंह आदि ने शुभकामनाएं प्रेषित की। भारती एक्सा से सुदीप टांक, हर्षिता शर्मा एवं मेघा सोनी उपस्थित थे।

### पुल पर बेरीगेंटिंग की

**रतलाम।** जिले में अतिवृष्टि की स्थिति निर्मित होने से अधिकांश स्थानों पर पानी भर गया है। कलेक्टर राजेश बाथम के निर्देशन में जिला प्रशासन एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा सभी स्थानों पर निगरानी रखी जाकर आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही है। नपा धामनोद द्वारा गंगायता पुल पर बैरिगेटिंग कर दी गई है, ताकि जान माल की हानि ना हो।



## विद्यार्थियों को वितरण की साइकिल

नवभारत न्यूज

**सैलाना।** शनिवार को समीप गांव अडवानिया के शासकीय मिडिल स्कूल भवन में साइकिल वितरण का समारोह आयोजित किया गया।

साइकिल वितरण आयोजन के क्षेत्रीय विधायक कमलेश्वर डोडियार मुख्य अतिथि थे। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि पहले हम कई किलोमीटर पैदल ही पढ़ने आते थे, लेकिन शासन द्वारा आपको यह साइकिलें दी है इसका उपयोग स्कूल आने जाने में ज्यादा करें। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित भी किया। संस्थान के प्रधानाध्यापक शंकरलाल मालवीय ने बताया कि स्कूल में 24 पात्र बच्चों को निशुल्क साइकिल मिली है। कार्यक्रम के पूर्व स्वागत भाषण संपत मालवीय ने दिया।

इस दौरान शिक्षक बाबुलाल दडिंग, जगदीश परिहार, सारिका कोपरगांवकर, मोनिका नरगावे, सुधीर कारपेंटर, हर्षवर्धन छजलानी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन संजय पुरोहित ने किया व आभार हीरालाल रजक ने माना।

## भाव ही बंधन का कारण, भाव से ही मोक्ष की प्राप्ति :मुनि सद्भाव सागर

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** चातुर्मास के दौरान स्टेशन रोड स्थित चंद्रप्रभ दिगम्बर जैन मंदिर में प्रति दिन चल रहीं धर्मसभा में शुक्रवार को शिष्य मुनि 108 सद्भाव सागर महाराज ने भावपूर्ण प्रवचन दिए। अपने संबोधन में मुनिश्री ने जैन रामायण पद्म चरित्र के माध्यम से धर्म और भावों की शुद्धता पर गहराई से प्रकाश डाला।

**धर्मसभा में जैन रामायण 'पद्मम चरित्र' पर किया सारगर्भित प्रवचन**



मुनिश्री ने कहा, भाव ही बंधन का कारण है और भाव से ही मोक्ष की प्राप्ति होती है। उन्होंने बताया कि हर दिन मन में शुभ-अशुभ भाव आते हैं। शुभस्य शीघ्रम — शुभ कार्यों में विलंब नहीं करना चाहिए, परंतु क्रोध जैसे कषाय के समय निर्णय लेने में थोड़ी देर करना ही श्रेयस्कर होता है। उन्होंने कहा कि जीवन में आने वाले पर्व केवल उत्सव नहीं बल्कि आत्मचिंतन की संधि हैं, जो हमें मोक्षमार्ग की ओर प्रेरित करते हैं। खाने-पीने के लिए जीवन नहीं है, बल्कि आत्मा की शुद्धि के लिए मिला है यह जन्म।

धर्मसभा में मुनिश्री ने श्रद्धा, संयम, अहिंसा और सेवा की भावना पर बल देते हुए कहा, जो जीव गिर जाए, उसे उठाना ही धर्म है। दया को कभी न छोड़ें। धर्म, दया और विशुद्ध भाव ही जीवन को कल्पवृक्ष जैसा बनाते हैं। उन्होंने कहा कि सच्चे ब्राह्मण वही हैं जो आत्मचिंतन में लीन रहते हैं। ब्रह्मचारी वह है जो ब्रह्म के समान आचरण करे। उन्होंने आग्रह किया कि प्रत्येक परिवार को कम से कम एक पक्ष में एक दिन साधु को आहार अवश्य देना चाहिए, ताकि घर में सुख, शांति और संस्कार स्थायी बने रहें। धर्मसभा में बड़ी संख्या में श्री दिगंबर जैन समाज के श्रद्धालु महिलाएं, पुरुष और युवा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की जानकारी श्री चंद्रप्रभ दिगंबर जैन श्रावक संघ रतलाम के संयोजक श्री मांगीलाल जैन ने दी। मुनिश्री ने घोषणा की कि रविवार प्रात: 8:30 बजे वे भगवान ऋषभदेव की मोक्ष प्राप्ति पर विशेष प्रवचन देंगें।

**एक नजर** यात्रा का रात्री विश्राम नगर में हुआ, आज पिपलोदा तरफ होगी रवाना-

## झमाझम बारिश के बीच मिंडाजी से केदारेश्वर महादेव के लिए प्रारंभ हुई कावड़ यात्रा

**जावरा। शिव भक्त सेवा समिति द्वारा तीसरे वर्ष भी ऐतिहासिक मनकामनेश्वर महादेव मिंडाजी से कावड़ यात्रा का आगाज किया है। संयोजक प्रांजल पांडेय के नेतृत्व में शनिवार को सामाजिक समरसता कावड़ यात्रा मनकामनेश्वर मंदिर से पूजन कर त्रिवेणी के पवित्र जल को कावड़ में लेकर निकली। जो सैलाना स्थित केदारेश्वर महादेव में 28 जुलाई को पहुंचेगी। जहां भगवान महादेव का अभिषेक कर कावड़ यात्रा संपन्न होगी। यात्रा मिंडाजी से दोपहर में झमाझम बारिश के बीच प्रारंभ हुई जो ग्रामीण क्षेत्रों से होते हुए शाम 7 बजे जावरा नगर में प्रवेश किया।** नगर भ्रमण के दौरान यात्रा में गजराज पर बाबा महाकाल स्वरूप में दर्शन दे रहे है तो भगवान शिवपार्वती की झांकी, ढोल नगाड़े भी शामिल रहे। भुतो की टोली आकर्षण का केंद्र रही। कावड़ यात्रा में बड़ी संख्या में कावड़िये शामिल हुए। जगह-जगह कावड़ यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। ताल नाके पर मुसलीम समाज ने भी यात्रा का जमकर स्वागत किया। यात्रा में विधायक डॉ. राजेन्द्र पांडेय, जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय आदि सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल हुए। कावड़ यात्रा ने नगर भ्रमण करते हुए रात्रि विश्राम बीएलएम पैलेस पर हुआ। आज रविवार को प्रात: कावड़ यात्रा पिपलोदा तरफ रवाना होगी।



